**अभियंता प्रमुख का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**सकारण आदेश**

संवेदक **JDM Engineering And Construction (Regd. No-1200222) At - C/O-Chakradhar Chaudhary, Mohalla-Magistrate Colony, Khajpura, Patna, Bihar-800014** को कार्य प्रमंडल, खगड़िया के अधीन योजनाशीर्ष **MMGSY NDB-BRICKS** अंतर्गत **(1) Const & Maint. of Khagaria Bakhari PWD Path & Const of Proposed H.L RCC Bridge on Khargi Tirasi Ghat To Tirasi Tola** एवं **(2) Const & Maint. of Bakhari PWD Path to Chakkipar & Const of Proposed H.L RCC Bridge on Budhi Gandak River in Khagaria District** तक पुल तथा एप्रोच पथ हेतु निर्माण कार्य आवंटित था। जिसका एकरारनामा संख्या–04 SBD/2022-23 एवं 05 SBD/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि–11.10.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–10.04.2024 है।

उक्त पुल तथा एप्रोच पथ का निर्माण कार्य संवेदक की उदासीनता के कारण ससमय पूर्ण नहीं हो पाया एवं कार्य अपूर्ण है। कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, खगड़िया का पत्रांक–753 दिनांक–26.05.2023, पत्रांक–1562 दिनांक–14.11.2023, पत्रांक–97 दिनांक–12.01.2024 एवं पत्रांक–123 दिनांक–18.01.2024 द्वारा अनेकों बार स्मारित किया गया। फिर भी संवेदक द्वारा ससमय कार्य पूर्ण करने में रूची नहीं ली गई। संवेदक को कार्य प्रमंडल, खगड़िया का पत्रांक–135 दिनांक–23.01.2024 एवं पत्रांक–232 दिनांक–07.02.2024 द्वारा अंतिम मापी हेतु स्थल पर उपस्थित रहने के लिए नोटिस निर्गत किया गया। लेकिन संवेदक द्वारा कार्य_ स्थल पर उपस्थित होकर अपने समक्ष अंतिम मापी करवाने में भी कोई रूची नहीं लिया गया। संवेदक की अनुपस्थिति में अंतिम मापी ली गई। एकरारनामा संख्या–04 SBD/2022-23 के पुल का निर्माण कार्य में मात्र A1, P1, P2, P3, एवं P4, तक ही किया गया है, शेष कार्य संवेदक द्वारा शुरू भी नहीं किया गया है। वर्क प्रोग्राम के सपेक्ष में एकरारनामा संख्या–05 SBD/2022-23 में कार्य की प्रगति शून्य है एवं एकरारनामा संख्या–04 SBD/2022-23 में लगभग 10 प्रतिशत का ही कार्य संवेदक द्वारा पूर्ण किया गया है जो अत्यंत खेद जनक है।

अंततः कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, खगड़िया का पत्रांक–1562 दिनांक–14.11.2023 द्वारा एकरारनामा विखंडन करने का नोटिस निर्गत किया गया। जनहित मे कार्य को लंबित रखने एवं संवेदक का पक्ष अप्राप्त होने के कारण कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, खगड़िया का पत्रांक–246 एवं पत्रांक–247 दिनांक–12.02.2024 द्वारा SBD की कंडिका 52.2 (a), h के आलोक में एकरारनामा विखंडन कर रिसाईन्ड करते हुए संवेदक को कालीकृत करने की प्रस्ताव एवं अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–1608 दिनांक–02.04.2024 द्वारा पन्द्रह दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की पृच्छा की गयी थी। विहित अवधि के अन्दर संवेदक का पक्ष अप्राप्त रहा। पुनः विभागीय पत्रांक–1858 दिनांक–09.05.2024 द्वारा संवेदक को स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने हेतु स्मारित किया गया। जिसके आलोक में संवेदक द्वारा पत्रांक–शून्य दिनांक–06.05.2024 द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। संवेदक का कहना है कि BOQ को समझ नहीं आने से मैंने यह Tender डाला जो कि मुझे आवंटित हुआ। इस कार्य को Revised करवा दिया जाय उसके बाद में कार्य को शुरू करूंगा। किन्तु विषयगत कार्य हेतु SBD की कंडिका 7.1 के अनुसार "The Bidder, at his own cost. responsibillty and risk, is encouraged to visit, examine and familiarise himself with the Site of Works. The Bidder acknowledges that prior to the submission of the bid, the Bidder/Contractor has, after a complete and careful examination, made an independent evaluation of the Scope of the Project, Specifications and Standards of design, construction and maintenance, Site, local conditions, physical qualities of ground, subsoil and geology, suitability and availability of access routes to the Site and all Information provided by the Employer or obtained procured or gathered otherwise, and has determined to its satisfaction the accuracy or otherwise thereof and the nature and extent of difficulties, risks and hazards as are likely to arise or may be faced by it in the course of performance of its obligations hereunder, The Employer makes no representation whatsoever, express, implicit or otherwise regarding the accuracy,

adequacy, correctness, reliability and/or completeness of any assessment, assumptions, statement of information provided by it and the Bidder confirms that it shall have no claim whatsoever against the Employer in this regard.

अतः SBD की कंडिका 7.1 के आलोक में संवेदक का पक्ष स्वीकार योग्य नहीं है और उनके स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया जाता है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में सम्यक विचारोपरांत बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007, अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 के कंडिका 11(क) की उपकंडिका (vi) के आलोक में संवेदक JDM Engineering And Construction **(Regd. No-1200222)** At - C/O-Chakradhar Chaudhary, Mohalla-Magistrate Colony, Khajpura, Patna, Bihar-800014 को अगले 03(तीन) वर्षो के लिए Blacklist किया जाता है।

26/07/2024

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)कालीसूची–10–24/2024- 2525 /पटना, दिनांकः–26/07/2024

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/07/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0) कालीसूची–10–24/2024- 2525 /पटना, दिनांकः–26/07/2024

प्रतिलिपिः–सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/07/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0) कालीसूची–10–24/2024- 2525 /पटना, दिनांकः–26/07/2024

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/07/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

3

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0) कालीसूची–10–24/2024- 2525 /पटना, दिनांकः–26/07/2024

प्रतिलिपिः– संवेदक JDM Engineering And Construction (Regd. No-1200222) At - C/O-Chakradhar Chaudhary, Mohalla-Magistrate Colony, Khajpura, Patna, Bihar-800014 को सूचनार्थ प्रेषित।

26/07/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव